बिनती सुनले येशु प्यारे

बिनती सुनले येशु प्यारे,
मोरे संग रहो महाराज,
अब तुम राखो मोरी लाज....

बिनती करूं तुमसे केर जोरी,
अब तुम बिनती सुनलो मोरी,
मोहे आसा लग रही तोरी,
मोहे दरस दिखा दो आज,
बिनती सुनो मोरी महाराज,
प्रभु तुम राखो मोरी लाज...

आपका मैं शैदा कहलाऊँ,
आस लगी तोरे दर्शन पाऊँ,
युग युग आपका मई गुण गाऊँ,
मेरे गरीब नवाज़,
बिनती सुनो मोरी महाराज,
प्रभु तुम राखो मोरी लाज....

तुम हो हमारे नैनो के तारे,
मन के प्यारे दिल के दुलारे,
तुम ही हमारे तारण हारे,
हमारे तुम सर-ताज,
अब तुम राखो मोरी लाज......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25055/title/binti-sunle-yashu-pyare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |